TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

23 नवंबर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

शिक्षा का वास्तविक मूल्य डिग्री में नहीं बल्कि व्यक्ति के विचारों व्यवहार और चरित्र में दिखाई देता है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **23.11.2026**

स्वतंत्र शिक्षण शैली

स्वतंत्र शिक्षण शैली वह शिक्षण शैली है, जिसमें विद्यार्थी शिक्षक पर पूरी तरह निर्भर न रहकर अपनी रुचि, क्षमता, अनुभव एवं आवश्यकता के अनुसार स्वयं सीखने का प्रयास करता है। इसमें विद्यार्थी अपने सीखने के उद्देश्यों का निर्धारण करता है, अध्ययन सामग्री का चयन करता है तथा अपनी गति से ज्ञान अर्जित करता है।

राकेश कुमार

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



चेन्नई के ITC Grand Chola ने माही (MS Dhoni) के नाम पर 'रूम नंबर 7' खोला है, जहां 2011 वर्ल्ड कप की यादें और उनकी पसंद का खाना मिलेगा। इस कमरे में कोई आकर रुक सकता है।

विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

प्रश्न: सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मक तत्व कौन सा है?

A. ऑक्सीजन

B. क्लोरीन

C. फ्लोरीन

D. नाइट्रोजन

सही उत्तर

C. फ्लोरीन

सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मक तत्व **फ्लोरीन** है।

थोड़ी जानकारी

★ फ्लोरीन सबसे अधिक विद्युत ऋणात्मक तत्व है, जिसकी विद्युत ऋणात्मकता का मान 3.98 होता है।

★ इसका अर्थ है कि यह इलेक्ट्रॉनों को सबसे अधिक आकर्षित करता है।

हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें, और देश का नाम रोशन करें!

Anupriya

Teachers of Bihar
The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया

जगदीश चन्द्र बोस जयंती



जन्म: 30 नवंबर 1858 |
जन्मस्थान: मयमनसिंह (वर्तमान बांग्लादेश)

जगदीश चन्द्र बोस महान भारतीय वैज्ञानिक, भौतिक विज्ञानी और वनस्पति-विज्ञानी थे।

उन्होंने रेडियो तथा सूक्ष्म-तरंगों (माइक्रोवेव) के क्षेत्र में अग्रणी प्रयोग किए।



पौधों में जीवन-संबंधी प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए उन्होंने क्रेस्कोग्राफ यंत्र विकसित किया, जिससे पौधों की अत्यंत सूक्ष्म वृद्धि मापी जा सकती थी।

1917 में उन्होंने बोस विज्ञान मंदिर (Bose Institute), कोलकाता की स्थापना की।



विज्ञान में उनका योगदान भारत की वैज्ञानिक चेतना और अनुसंधान परंपरा के लिए प्रेरणास्रोत है।

प्रेरक संदेश

**"विज्ञान की कोई सीमा नहीं होती;
जिज्ञासा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।**

Teachers of Bihar
The change makers

23 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

मधु प्रिया





1165 - पोप एलेक्ज़ेंडर तृतीय निर्वासन के बाद रोम वापस लौटे।
1744 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान कार्टेरे ने इस्तीफा दिया।
1890 - इटली में आम चुनाव हुये।
1892 - लोमानी कांगो के युद्ध में बैल्जियम ने अरब को हराया।
1904 - अमेरिका के सेंट लुईस में तीसरे ओलंपिक खेलों का समापन।
1946 - वियतनाम के हैफयोंग शहर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग, छह हजार लोगों की मौत।
1983 - भारत में पहली बार राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ।
1984 - लंदन के व्यस्ततम ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर आग लगने से करीब एक हजार लोग फंस गए थे।
1996 - इथ्रियोपिया के एक अपहृत विमान का ईंधन समाप्त होने पर वो हिंद्द महासागर में जा गिरा. इस विमान में चालक दल सहित कुल 175 लोग सवार थे जिनमें से कम से कम 100 लोग मारे गए।
1997 - साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता निराद सी चौधरी ने अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे किये।
2002 - जी-20 की बैठक नई दिल्ली में शुरू। नाइजीरिया में प्रस्तावित विश्व सुंदरी प्रतियोगिता को लंदन स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया था।
2006 - अमेरिका ने रूस की जेट निर्माण कम्पनी सुखोई से प्रतिबंध हटाया।
2007 - आस्ट्रेलिया में हुए चुनाव में लेबर पार्टी की जीत हुई।
2008 - जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दूसरे चरण में 65% वोट डाले गये।
2009 - फिलीपींन्स में 32 मीडियाकर्मियों की हत्या।

23 नवंबर को जन्मे व्यक्ति





1901 - नवकृष्ण चौधरी - उड़ीसा के दूसरे मुख्यमंत्री थे।
1914 - कृष्ण चन्दर - हिन्दी और उर्दू के यशस्वी कहानीकार थे।
1926 - सत्य सांई बाबा - आध्यात्मिक गुरु
1930 - गीता दत्त, प्रसिद्ध पार्श्वगायिका
1897 - नीरद चन्द्र चौधरी - भारत में जन्मे प्रसिद्ध बांग्ला तथा अंग्रेज़ी लेखक और विद्वान।

23 नवंबर को हुए निधन





2023 - फ़ातिमा बीबी - भारत में सर्वोच्च न्यायालय की भूतपूर्व न्यायाधीश थी।
2020 - तरूण गोगोई - असम के पूर्व मुख्यमंत्री थे।
2020 - विश्व मोहन बडोला - फ़िल्म अभिनेता तथा टीवी कलाकार थे।
1912 - सखाराम गणेश देढेसकर - क्रांतिकारी लेखक, इतिहासकार तथा पत्रकार।
1977 - प्रकाशवीर शास्त्री - संसद के लोकसभा सदस्य और संस्कृत के विद्वान् साथ ही आर्य समाज के नेता के रूप में भी प्रसिद्ध।
1971 - राम उग्रह पांडेय - महावीर चक्र से सम्मानित वीर बलिदानी सैनिकों में से एक थे।
1937 - जगदीश चंद्र बोस - बैज्ञानिक
1990 - रोल्ड डांल - 20वीं सदी के सबसे महान् लेखकों में शुमार।

इतिहास हमें प्रेरणा देता है, इसे जानना हमारा कर्तव्य है!

www.teachersofbihar.org

50 ओवर क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी जीत

जीत का अंतर	टीम	Vs	मैदान	टूर्नामेंट/सीरीज	साल
317 रन	भारत	श्रीलंका	तिरुवनंतपुरम	द्विपक्षीय वनडे सीरीज	2022/23
306 रन	इंडिया-A	नेपाल	दोहा	राइजिंग स्टार्स एशिया कप	2026
257 रन	भारत	बरमूडा	पोर्ट ऑफ स्पेन	वनडे वर्ल्ड कप	2006/07


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"विज्ञान का उद्देश्य सत्य की खोज और मानवता की सेवा है।"
— जगदीश चंद्र बोस —
महान वैज्ञानिक
जगदीश चंद्र बोस
की पुण्यतिथि पर
23 नवम्बर
को विनम्र श्रद्धांजलि
प्रख्यात वैज्ञानिक, भौतिक विज्ञानी, वनस्पति विज्ञान के अग्रणी शोधकर्ता और भारत के गौरव
जगदीश चंद्र बोस जी को उनकी पुण्यतिथि पर
शत-शत नमन !
उनके अद्भुत योगदान
पौधों की संवेदनशीलता पर ऐतिहासिक शोध।
रेडियो तरंगों (माइक्रोवेव) पर महत्वपूर्ण कार्य।
विज्ञान जगत में भारत का गौरव बढ़ाया।
उनका जीवन सत्य, अनुसंधान और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा है!
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

11 / 23

फिबोनाची दिवस

(23 नवंम्बर)

महान गणितज्ञ **लियोनार्डी फिबोनाची** और **फिबोनाची श्रेणी** को समर्पित दिवस!



लियोनार्डी फिबोनाची
(1170 – 1240)
प्रसिद्ध गणितज्ञ और लेखक

फिबोनाची श्रेणी :

0, 1, 1, 2, 3, 5, 8, 13, 21, 34, ...

प्रत्येक संख्या, अपने से पहले की दो संख्याओं का योग होती है!

स्वर्णिम अनुपात (गोल्डन स्पाइरल)



यह श्रेणी हमें कहाँ मिलती है?

प्रकृति, कला और जीवन में!

- सूरजमुखी के बीजों में
- अनानास में
- पेड़ों के पत्तों में
- शंख (घोंघे) के खोल में
- और आकाशगंगाओं में भी!

फिबोनाची दिवस हमें गणित की **सुंदरता** और प्रकृति में उसकी उपस्थिति की याद दिलाता है!



गणित सर्वत्र है!

Madhu Priya

www .teachersofbihar.org